तापमान
अधिकतम 32.8°c
न्यूनतम 29.2°c

हरिभूमि
रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार 15 अगस्त 2026

15 जीडी गोयंका स्कूल में विद्यार्थियों ने तीज एवं स्वतंत्रता दिवस समारोह...

C.B.S.E. AFF. NO. 532014
SANGWAN INTERNATIONAL SCHOOL
सॉंगवान इंटरनेशनल स्कूल
(A Co-Educational English Medium CBSE Affiliated School Nur. to XII All Streams)
School runs under the Leadership of
MR. RAJESH SANGWAN (Chairman)
Ex. Petty Officer, Indian Navy
20 Years of Exp. in Defence Job Placement
आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Hostel Facility Available for Boys
MANISHA SANGWAN
PRINCIPAL
NEAR MAKRAULI TOLL PLAZA, OPP. HANUMAN MANDIR, CHAMARIYA ROAD, ROHTAK-124001, For Contact : 7082001082, 84

विभाजन प्रभावित परिवारों के सदस्य सम्मानित

रोहतक। विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से जिला विकास भवन में भारत-पाकिस्तान विभाजन की त्रासदी, विस्थापन और उस दौर की पीड़ा को दर्शाने वाली प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी में वर्ष 1947 के दौरान घटित घटनाओं, विस्थापित परिवारों के संघर्ष और उनके पुनर्वास से जुड़े प्रसंगों को चित्रों व अन्य सामग्री के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। इसका उद्देश्य नई पीढ़ी को विभाजन की विभीषिका से अवगत करवाने के साथ प्रभावित परिवारों के संघर्ष, त्याग और साहस को स्मरण करना रहा। कार्यक्रम के दौरान विभाजन से प्रभावित परिवारों के सदस्यों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मदन लाल कथूरिया, सतपाल चावला, मनोहर लाल वर्मा, विलायती लाल सहगल, कृष्णावंति, वंती देवी, कृष्णा रानी और सतीश कत्याल सहित अन्य विभाजन प्रभावित परिवारों के सदस्यों को सम्मानित किया गया।

बी.पी.एड. (B.P.Ed.) में दाखिला आरंभ
पी.टी.आई. तथा डी.पी.ई. (शारीरिक शिक्षा निदेशक) के पद पर होगी नियुक्ति
राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (NCTE) से मान्यता प्राप्त एवं इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर, रेवाड़ी (IGU) से सम्बद्ध महाराणा प्रताप कालेज ऑफ़ एजुकेशन, धनौन्दा (ब्लाक - कनीना), जिला महेन्द्रगढ़ (हरियाणा) में सत्र 2026-28 हेतु बी.पी.एड. (B.P.Ed.) (डी.पी.ई. कोर्स) में दाखिला आरम्भ हो गया है। बी.पी.एड. में प्रवेश हेतु स्नातक में 50% अंक तथा राज्य स्तर का खेल का प्रमाण पत्र होना आवश्यक है। एस.सी. विद्यार्थियों को सरकार द्वारा छात्रवृत्ति दी जाती है। इच्छुक विद्यार्थी सीधे कॉलेज में दाखिला ले सकते है तथा www.mpcoekanina.com व कॉलेज फोन नं. 9467834482, 8053910428 पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। (Advt.)

स्वतंत्रता दिवस से पहले सफाई व्यवस्था चरमराई

पुलिस बल के साथ कूड़ा उठवाने पहुंचा निगम अमला तो हुई झड़प

सफाई कर्मचारियों की हड़ताल नौवें दिन भी जारी, कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों को गोदाम से नहीं निकलने दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

नगर निगम के सफाई कर्मचारियों की हड़ताल शुक्रवार को नौवें दिन भी जारी रही। हड़ताल के चलते शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई है। शुक्रवार को स्थिति उस समय और तनावपूर्ण हो गई, जब हड़ताल पर बैठे सफाई कर्मचारियों ने उस गोदाम से कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों को बाहर नहीं निकलने दिया, जहां निगम की गाड़ियां खड़ी रहती हैं। कर्मचारियों के विरोध के कारण कूड़ा उठाने वाली गाड़ियां गोदाम के अंदर ही खड़ी रहीं और शहर में कूड़ा उठाने के लिए नहीं पहुंच सकीं। शहर में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे होने के कारण नगर निगम के अधिकारियों के सामने सफाई व्यवस्था को संभालना बड़ी चुनौती बन गई है। स्वतंत्रता दिवस को लेकर शहर में विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम होने हैं और वीआईपी आवाजाही भी प्रस्तावित है। ऐसे में सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर जमा कूड़े ने निगम अधिकारियों की चिंता और बढ़ा दी है। दोपहर के समय नगर निगम की ओर से भारी पुलिस बल की मौजूदगी में सड़कों पर जमा कूड़ा उठवाने का प्रयास किया गया।

पुलिस व कर्मचारियों के बीच बनी रही तनातनी

जैसे ही निगम का अमला और निजी एजेंसी के कर्मचारी कूड़ा उठाने पहुंचे, हड़ताल कर रहे सफाई कर्मचारी भी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने कूड़ा उठाने का विरोध शुरू कर दिया। इस दौरान पुलिस और सफाई कर्मचारियों के बीच काफी देर तक तनातनी और झड़प की स्थिति बनी रही। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस बल तैनात रहा। काफी मशक्कत के बाद निजी एजेंसी के कर्मचारियों ने पुलिस की निगरानी में सड़कों पर पड़ा कूड़ा उठाने का काम शुरू किया। इस दौरान कई स्थानों पर सफाई कर्मचारियों के विरोध के कारण निगम कर्मचारियों और पुलिस को परेशानी का सामना करना पड़ा।

20 टन से ज्यादा कचरा सड़कों पर है जमा

दूसरी ओर, हड़ताल लंबी खिंचने के कारण शहर में कूड़ा जमा होने की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। कई कॉलोनियों और मुख्य सड़कों पर कूड़े के ढेर दिखाई दे रहे हैं। इससे राहगीरों और स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी और उमस के बीच कूड़ा जमा रहने से दुर्गंध भी फैल रही है।

सफाई को लेकर निगम के अधिकारियों की मुश्किलें बढ़ीं

स्वतंत्रता दिवस से ठीक पहले शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर निगम अधिकारियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। प्रशासन के सामने एक तरफ हड़ताली कर्मचारियों के आंदोलन को संभालने की चुनौती है तो दूसरी तरफ शहर को साफ रखने और वीआईपी मूवमेंट के दौरान प्रमुख मार्गों पर सफाई व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी है। आने वाले दिनों में यदि हड़ताल का समाधान नहीं हुआ तो शहर में कूड़ा उठाने की समस्या और गंभीर होने की आशंका है।

कूड़ा उठाने के लिए पूरी टीम, नहीं आने देंगे दिक्कत

स्वतंत्रता दिवस को लेकर कूड़ा उठाने के लिए पूरी टीम है। किसी तरह की कोई दिक्कत न आए इसके लिए पुलिसबल भी तैनात रहेगा। शहर से कूड़ा भी उठवाया जाएगा। कहीं भी कूड़े से संबंधित समस्या शहर में नहीं आने दी जाएगी।
- **सुधीर**, सफाई निरीक्षक, नगर निगम

'यूएचएसआर हेल्थ बुलेटिन' के दूसरे संस्करण का लोकार्पण

रोहतक। प्रदेश को स्वस्थ हरियाणा, सक्षम हरियाणा बनाने के संकल्प को साकार करने की दिशा में पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय ने की ओर से प्रकाशित 'यूएचएसआर हेल्थ बुलेटिन' के दूसरे संस्करण का शुक्रवार को कुलपति कार्यालय में कुलपति प्रो. डॉ. एचके अग्रवाल ने लोकार्पण किया।

D.A.V. CENTENARY PUBLIC SCHOOL
The Best School Choice for your Child
ADMISSIONS OPEN
PRE-NURSERY TO IX & XI (ALL STREAMS)
आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
No Admission Fee for PRE-NURSERY to CLASS-I
CBSE Affiliated, Co-Education, English Medium Leading School of City with all modern facilities.
DELHI ROAD, NEAR ASTHAL BOHAR, ROHTAK
70820-60555

जिला रोहतक भट्टा एसोसिएशन
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अखिल नारंग प्रधान M. 9896350053
नरेन्द्र दलाल उप- प्रधान M. 9812029999
कुलदीप दहिया उप प्रधान M. 9416054869
दिलबाग सिंह दांगी चेयरमैन M. 9992565000
सुन्दर तोमर जनरल सेक्रेटरी M. 9671300300
पं. ब्रजमोहन शर्मा जिला कोषाध्यक्ष M. 9215891999

Adhyayan Aastha Anushasan
THE AARYAN GROUP
Emphasises upon "Deep Learning Through Faith and Discipline"
(CO-EDUCATIONAL ENGLISH MEDIUM SCHOOLS)
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
The Aaryan Public School
Lakhan Majra, Rohtak
CBSE Affiliation No. 530793
theaaryanpublicschool@gmail.com
www.theaaryanpublicschool.edu.in
9254343004/05
The Aaryan Global School
7 km Stone, NH-352 Jhajjar Road, Rohtak
CBSE Affiliation No. 531654
tags418@gmail.com
www.tagsrtk.edu.in
7082209901/03

चांदी व मकड़ौली टोल प्लाजा पर तीन घंटे तक लगाया जाम

हिसार के जीवन कुंडू के हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हिसार के सूर्य नगर निवासी जीवन कुंडू के हत्यारों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग को लेकर शुक्रवार को खापों और किसान संगठनों के आह्वान पर रोहतक जिले में चांदी और मकड़ौली टोल प्लाजा पर तीन घंटे रास्ता रोको आंदोलन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक दोनों टोल पर रास्ते रोककर सरकार और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। रोहतक-जींद मार्ग स्थित चांदी टोल प्लाजा पर टिटौली, खरैंटी, सुंदरपुर, चिड़ी और घड़ोठी सहित आसपास के गांवों से ग्रामीण पहुंचे। वहीं, रोहतक-पानीपत मार्ग स्थित मकड़ौली टोल प्लाजा पर भी किसान संगठनों और खापों के सदस्य एकत्रित हुए। दोपहर दो बजे आंदोलन समाप्त किया गया।

कुंडू खाप के प्रधान जयबीर कुंडू ने बताया कि जीवन कुंडू हत्याकांड को लेकर 12 अगस्त को हिसार में खापों और किसान संगठनों की पंचायत हुई थी। पंचायत में निर्णय लिया गया था कि यदि आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती है तो 14 अगस्त को प्रदेशभर के टोल प्लाजा पर सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक रास्ता रोका जाएगा। इसी निर्णय के तहत रोहतक में दोनों टोल पर आंदोलन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि 32 वर्षीय जीवन कुंडू की गत 4 अगस्त को हत्या कर दी गई थी। वह डेयरी चलाकर परिवार का पालन-पोषण करता था। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि जीवन ने पहले ही झगड़े की आशंका को लेकर पुलिस में शिकायत दी थी, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। उनका कहना है कि हत्या के कई दिन बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

आंदोलन की चेतावनी

आंदोलनकारियों ने सभी आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर कड़ी सजा दिलाने की मांग की। उन्होंने सरकार पर कानून-व्यवस्था में विफल रहने का आरोप लगाते हुए कहा कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं होने से उनके हौसले बढ़ रहे हैं। जयबीर कुंडू ने चेतावनी दी कि यदि हत्यारों की जल्द गिरफ्तारी नहीं हुई तो आंदोलन को प्रदेशभर में तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त को हांसी में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का विरोध भी किया जाएगा। आंदोलन में कुंडू खाप, हुड्डा खाप, अखिल भारतीय किसान सभा, भारतीय किसान यूनियन, किसान मजदूर मोर्चा और किसानी प्रतिष्ठा मंच सहित विभिन्न संगठनों के सदस्य शामिल हुए।

SAINI EDUCATION SOCIETY (REGD.) ROHTAK
आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Sh. Avnish Kumar Saini President SAINI EDUCATION SOCIETY (REGD.) ROHTAK
GOVERNING BODY SAINI EDUCATION SOCIETY (REGD.) ROHTAK
Sh. Budhram Saini - Vice-President
Sh. Jagdish Kumar Saini - Secretary
Sh. Ravinder Kumar Saini- Joint Secretary
Sh. Nafe Singh Saini – Cashier
Smt. Ritu Raj Saini, Manager (Saini Girls Sr. Sec. School) & Executive Member
Governing Body Members :
Sh. Azad Singh Saini, Sh. Balwant Saini, Sh. Rajpal Saini, Sh. Deepak Saini, Sh. Mukesh Kumar
Sh. Dharam Singh Dahiya President SAINI (CO-EDUCATION) COLLEGE, ROHTAK SAINI INSTITUTE OF GIRLS EDUCATION ROHTAK
GOVERNING BODY SAINI INSTITUTE OF GIRLS EDUCATION ROHTAK
Advocate Jayanti Saini- Vice-President
Dr. Rajesh Saini - General Secretary
Sh. Amit Saini - Treasurer
Governing Body Members :
Sh. Mohinder Singh, Sh. Narender Kumar, Sh. Devender, Dr. Devender Saini, Sh. Gautam Saini, Sh. Rajbir Saini, Sh. Anil Saini, Sh. Manish Digvijay Singh, Sh. Suraj Saini, Sh. Jagdish Rai Kataria, Sh. Jitender Saini
Sh. Shyam Kataria (Manager) & Former Gen. Secretary
GOVERNING BODY SAINI (CO-EDUCATION) COLLEGE, ROHTAK
Advocate Devender Kumar Saini- Vice-President
Advocate Pardeep Saini- General Secretary
Advocate Vipin Saini-Treasurer, Sh. Daya Singh Saini-Manager
Governing Body Members :
Sh. Rajesh Kumar Saini, Sh. Devender Singh, Sh. Sudesh Kumar, Sh. Vipin, Sh. Amit Saini (Sarai) Sh. Jatin Saini, Sh. Rakesh Saini, Adv. Narender Saini Sh. Ranbir Singh, Sh. Amit Saini, Sh. Bijender Saini

30 YEARS EXCELLENCE IN EDUCATION GD GOENKA
GD Goenka Suncity TODDLER HOUSE
Early Learning | Kindergarten
FULLY AC CAMPUS MEALS FREE
LIMITED SEATS
हरियाली तीज
SPECIAL OFFER
NO ADMISSION FEE EXTRA HIDDEN CHARGES
DAY CARE FACILITY
INTERNATIONAL CURRICULUM
Yoga, Gymnastics & Zumba
Activity based learning
Least Teacher Student Ratio
Under CCTV surveillance
A I based Robotics Lab
सभी शहरवासियों को साहस और शौर्य के प्रतीक राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Balraj Singh Director GD Goenka Toddler House
Dr. Madhu Bala Principal
HAPPY 80th INDEPENDENCE DAY
Why Choose us?
International Curriculum.
Montessori materials used for hands on learning for children.
Audio/Visual Rooms & Robotics Lab.
Trained and well-groomed teachers.
AC transportation for Pick-up and drop.
Activities are age appropriate.
Clean and hygienic environment.
Well trained support staff.
Well equipped playgrounds
Air-conditioned rooms with child friendly furniture for activities.
Near Water Tank, C-Block, Sec.-36, Suncity, Rohtak-124001
REGISTER NOW 7056480005 7056580005
gdgoenkatoddler.rohtak@gmail.com www.gdgoenkatoddlerhouse.com

Sh. L.N. Hindu College, Rohtak
छात्रों के लिए सुनहरा अवसर!
हमें यह बताते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि श्री लाल नाथ हिंदू कॉलेज, रोहतक द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए नए शुरू किए गए पाठ्यक्रमों BSc (Sports Science) & MA (Yoga Science) में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। खेल विज्ञान, फिटनेस, वेलनेस एवं योग के क्षेत्र में एक उज्ज्वल और सफल करियर बनाने के लिए आज ही आवेदन करें। प्रवेश पोर्टल सीमित समय के लिए खुला है।
For any Inquiry: hindu_bca@yahoo.com www.lnhinducollege.edu.in 9211571734
हिन्दू शिक्षण संस्थान परिवार
आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कार्यकारिणी
रमेश सहगल पूर्व प्रधान
राजेश कुमार सहगल पूर्व प्रधान
सुदर्शन कुमार ढींगरा पूर्व प्रधान
अजय निझावन उपाध्यक्ष
संजय आहूजा महासचिव
जतिन लूथरा कोषाध्यक्ष
प्रदीप सपरा उपाध्यक्ष
गुलशन ढींगरा उपाध्यक्ष
राधेश्याम दल उपाध्यक्ष
देवेन्द्र आर्य उपाध्यक्ष
भारत भूषण बठला प्रबंधक (एचएसआर)
राजेश मक्कड़ प्रबंधक (एसएसआर, एसबीआर)
जितेंद्र मेहता प्रबंधक (एचआईएमटी)
गुलशन राय दल प्रबंधक (एचपीएस)
अशोक पसरीजा संयुक्त सचिव
विशाल मल्हिया संयुक्त सचिव
बसंत उप्पल संयुक्त सचिव
कुशल हरजाई संयुक्त सचिव
श्याम कपूर प्रधान

ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल, कारोर में शान से फहराया तिरंगा, खेल प्रतिभाओं ने बढ़ाया मान

रोहतक। देश की आजादी की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर शुक्रवार को ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल, कारोर में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। सुबह 8:30 बजे विद्यालय के निदेशक ईश्वर सिंह शास्त्री ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने राष्ट्रगान और शानदार परेड प्रस्तुत की। छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए देशभक्ति गीत, ओजस्वी भाषण और रंगारंग सांस्कृतिक नृत्यों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस राष्ट्रीय पर्व पर विद्यालय की खेल प्रतिभाओं ने खुशी को दोगुना कर दिया। अंडर 11-17 ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताओं (एथलेटिक्स, बैडमिंटन, योगा, शतरंज और खो-खो) में बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। 10वीं के छात्र पार्थ का बॉक्सिंग में, 9वीं के हार्दिक का खो-खो में और छठी कक्षा की छात्रा ट्विंकल का जैवलिन थ्रो में राज्य स्तर पर चयन होना विद्यालय के लिए बड़े गर्व का विषय रहा।

केनरा बैंक रोहतक द्वारा केनरा विद्या ज्योति छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम का आयोजन

रोहतक। केनरा बैंक क्षेत्रीय कार्यालय रोहतक द्वारा शुक्रवार को कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत 'केनरा विद्या ज्योति छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम' का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एससी/एसटी वर्ग की मेधावी छात्राओं को कुल 12,24,000/- रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय प्रमुख वरुण गोयल ने उपस्थित सभी छात्राओं का मार्गदर्शन किया और उन्हें आगामी स्वतंत्रता दिवस की आत्मीय शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर नवोदय विद्यालय घुसकानी की प्राचार्या नविता ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। योजना के तहत कक्षा 5वीं से 7वीं तक की मेधावी छात्राओं को 3,000/- रुपये तथा कक्षा 8वीं से 10वीं तक की छात्राओं को 5,000/- रुपये की छात्रवृत्ति राशि प्रदान की गई। बैंक अधिकारियों ने बताया कि मेधावी और जरूरतमंद विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए बैंक इस योजना का लाभ प्रतिवर्ष निरंतर प्रदान करता आ रहा है।

Every Child is Special
NAVYUG SCHOOL (Recognised)
NEHRU COLONY, ROHTAK
ADMISSION OPEN 2026-27
आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Sh. RISHIRAJ (Director)
Contact No. 01262-235029
9896327515, 9253183275
E-mail : navyughigh@gmail.com

HIMALAYAN PUBLIC SCHOOL
Nurturing Values, Inspiring Excellence
ADMISSION OPEN
SESSION 2026-27
Happy INDEPENDENCE DAY
Proud to be an Indian
Let's celebrate freedom, unity and the spirit of our nation!
WHY CHOOSE HIMALAYAN PUBLIC SCHOOL?
QUALITY EDUCATION | HOLISTIC DEVELOPMENT | SMART CLASSROOMS | SPORTS & ACTIVITIES | VALUE BASED EDUCATION | SAFE & SECURE ENVIRONMENT
A great place to LEARN, GROW & SUCCEED TOGETHER!
Prem Nagar, Rohtak Haryana-124001
9813169005

hartron
HARTRON SKILL CENTRE
A State Govt. Undertaking
Skill Today, Success Tomorrow
COMPUTER BASIC (MS-OFFICE)
CERTIFICATE IN SOFTWARE PROGRAMMING & CODING
ADVANCE ACCOUNTING (TALLY PRIME & BUSY)
AUTOCAD PYTHON, JAVA
GOVERNMENT RECOGNISED CERTIFICATES | EXPERIENCED & CERTIFIED FACULTY | PRACTICAL TRAINING WITH LIVE PROJECTS | BETTER SKILLS BETTER JOB OPPORTUNITIES
3rd Floor, Above Karur Vysya Bank, Opp. Radio Station, Near Police Line.
9034937795

आजादी के अमृत संकल्प को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का पर्व: 15 अगस्त 2026

भारत का स्वतंत्रता दिवस केवल एक राष्ट्रीय पर्व नहीं, बल्कि देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, संघर्ष और बलिदान को याद करने का पावन अवसर है। 15 अगस्त का दिन प्रत्येक भारतीय के मन में राष्ट्रप्रेम, गौरव और एकता की भावना को और मजबूत करता है।स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशभर में तिरंगा फहराया जाता है और राष्ट्रगान के साथ स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है। विद्यालयों, महाविद्यालयों, सरकारी एवं सामाजिक संस्थाओं में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। देशभक्ति गीतों, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और भाषणों के माध्यम से नई पीढ़ी को आजादी के संघर्ष और उसके महत्व से परिचित कराया जाता है।आज भारत विकास, तकनीक, शिक्षा, उद्योग, विज्ञान और खेल सहित अनेक क्षेत्रों में निरंतर आगे बढ़ रहा है। ऐसे समय में प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह देश की एकता, अखंडता और सामाजिक सद्भाव को मजबूत करने में अपना योगदान दे।स्वतंत्रता का वास्तविक अर्थ तभी सार्थक होगा, जब हम अपने अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों को भी समझें। स्वच्छता, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, महिला सम्मान, सामाजिक समानता और ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना ही राष्ट्र निर्माण की दिशा में सच्चा योगदान है।आइए, इस स्वतंत्रता दिवस पर हम सभी संकल्प लें कि देश की प्रगति में अपनी भूमिका निभाएंगे, आपसी भाईचारे को मजबूत करेंगे और भारत को एक विकसित, सशक्त एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने में अपना योगदान देंगे।वीर शहीदों के बलिदान को शत-शत नमन। जय हिंद! वंदे मातरम्!

V.N. MEMORIAL PUBLIC SCHOOL
ISO : 9001:2000 Certified
(An English Medium Co-educational Sr. Sec. School)
(Affiliated to C.B.S.E. Delhi, School Code No. 530345)
आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Opposite Tilyar Lake, Asthal Bohar, Rohtak-124021
E-mail: vnmpsrohtak@gmail.com | Ph. : 8295774247

NEW HARYANA SR. SEC. SCHOOL
Recognized & Affiliated To H.B.S.E.
LITTLE INTERNATIONAL SCHOOL
Recognized & Affiliated To C.B.S.E.
आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
J.S. BOORA CHAIRMAN
HIMANSHU BOORA DIRECTOR
Preet Vihar Colony, Rohtak M. 01262-655558, 9416864171

लगातार 2 वर्षों से अपने जिले में दसवीं कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाला एकमात्र विद्यालय
VIDYA PARKASH PUBLIC SCHOOL
English Medium & Co-education
Permanent Recognized, Affiliated to HBSE
ADMISSION OPEN 2026-27
आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ASHOK KUMAR (Advocate) M.D.
Kanheli Road, Rohtak, M.: 94165-15698
vidyaparkashhighschoolrohtak@gmail.com

CBSE Affiliation No. 531094
H.D. PUBLIC SCHOOL
An English Medium Co-Ed. Sr. Sec. School
आप सभी को स्वतंत्रता दिवस एवं हरियाली तीज की हार्दिक शुभकामनाएं
JAIPAL SIGROHA Chairman
VPO- BALAND (ROHTAK) 8607777101 102, 111
www.hdpsbaland.com hdpsbaland@gmail.com

AN ISO:9001:2008 CERTIFIED SCHOOL
BABA BANDA BAHADUR PUBLIC SCHOOL
JIND ROAD, DLF COLONY ROHTAK
A CO-EDUCATIONAL, ENGLISH MEDIUM SCHOOL (CBSE AFFILIATION. NO. 530443)
SCHOOL WITH A DIFFERENCE, SPECIAL EMPHASIS ON MORAL ETHICS AND CHARACTER BUILDING
M. 9813088429, 9416255573, 9050573733, 9896043940, 9896189499, 7082113501
आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
NO ADMISSION-CHARGES UPTO CLASS 5
शुभ आशीर्वाद बाबा जतिंदर पाल सिंह जी सोढी
bandabahadur1716@gmail.com | www.bbbpsrohtak.in

आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
C.B.S.E. AFFILIATION
AAKASHDEEP DUHAN SCIENCE INSTITUTE
Basant Vihar, Rohtak-124001 M.: 9416148363, 9996059603
दुहन पब्लिक रजिडेंसियल स्कूल, जसिया/आकाशदीप दुहन साइंस इंस्टीट्यूट, रोहतक
ने 10+2 साइंस में रचा इतिहास तीन बार हरियाणा और पांच बार जिला टॉप किया।
DROPPER BATCH FOR NEET/JEE 2027
STARTING FROM 10TH AUGUST 100% Selection 50% Fee After Selection
IIT/JEE SELECTION 2026
FRESHER SELECTION AFTER 10+2
BHARAT HOODA NDA SSB QUALIFIED 2026 | TANMAY GAUD 95.68 PERCENTILE | ANUJ LATHWAL 94.85 PERCENTILE | KUNAL 93.46 PERCENTILE | NIKITA 87.15 PERCENTILE | SUBH VASHISTH 91.89 PERCENTILE

IPS SR. SEC. SCHOOL
Co-Education, English Medium C.B.S.E. Affiliated No. 530575
I.P.S. KIDS PLANET
ADMISSION OPEN For Session 2026-27
आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
DLF Colony, Near Laxmi Naryana Mandir, Rohtak
Mob.: 98124-41126, 98124-42126

M.S. SARASWATI SR. SEC. SCHOOL
(Affiliated to CBSE | Affiliation No- 530246) Achieving Excellence Together...
Add. :- GAUKARAN ROAD, SHORA KOTHI, MATA DARWAJA, ROHTAK
7206129148, 9350866122 saraswatirohtak@gmail.com M.S.Saraswati
47 YEARS OF EXCELLENCE
ADMISSION OPEN
Fully AC Class Rooms
आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
MR. HIMANK MITTAL DIRECTOR
MS. REETU PRINCIPAL
LITTLE PETALS PLAY SCHOOL
Singhpura Kalan, M. 8295229148
little_petals.singhpura Little Petals Play School
FOR CLASS PRE NURSERY TO 3RD
Best in Education Best Place For your Kid

स्वतंत्रता दिवस पर बीएसएनएल का तोहफा

एक रुपये में मिलेगा नया सिम : इसरार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने ग्राहकों के लिए किफायती मोबाइल और इंटरनेट योजनाओं की घोषणा की है। बीएसएनएल के महाप्रबंधक रोहतक इसरार अहमद ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बीएसएनएल ने ग्राहकों के लिए 'फ्रीडम 2.0' मोबाइल योजना शुरू की है। इसके तहत नया मोबाइल सिम मात्र एक रुपये में उपलब्ध होगा। सिम के साथ 24 दिनों की वैधता, प्रतिदिन 1 जीबी 4जी इंटरनेट डेटा और 100 संदेश की सुविधा दी जाएगी। यह योजना 12 सितंबर तक लागू रहेगी। इसी क्रम में बीएसएनएल के 2,399 रुपये वाले वार्षिक प्रीपेड प्लान पर स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में 47 दिनों की अतिरिक्त वैधता दी जा रही है। अब ग्राहकों को 365 के बजाय कुल 412 दिनों की वैधता मिलेगी।इसरार अहमद ने बताया कि भारत की भरोसेमंद सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनी के रूप में बीएसएनएल देशभर में सुरक्षित, किफायती और भरोसेमंद डिजिटल संपर्क सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

पत्रकारों से बातचीत करते बीएसएनएल के महाप्रबंधक रोहतक इसरार अहमद व अधिकारीगण।

259 रुपये का प्लान

जीएम के मुताबिक 'फाइबर फ्रीडम प्लान' के तहत 1,111 रुपये प्रतिमाह की शुरुआती कीमत पर 200 एमबीपीएस तक की इंटरनेट गति, 5,000 जीबी मासिक डेटा और 25 से अधिक प्रीमियम ओटीटी मंचों की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में भारत सरकार की भारत नेट उद्यमी योजना के तहत बिना स्थापना शुल्क के एफटीटीएच कनेक्शन भी उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। इसके लिए 259 रुपये प्रतिमाह का किफायती प्लान रखा गया है।

जीडी गोयंका इंटरनेशनल स्कूल में विद्यार्थियों ने मनाई तीज एवं स्वतंत्रता दिवस समारोह

रोहतक। जीडी गोयंका इंटरनेशनल स्कूल में तीज एवं स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर तीज की उमंग, भारतीय संस्कृति और देशभक्ति के रंगों से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यार्थियों के शानदार रॉक बैंड प्रदर्शन से हुआ। जोशीली धुनों और ऊर्जावान प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को उत्साह और उमंग से भर दिया। इसके बाद विद्यार्थियों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से तीज की पारंपरिक सुंदरता और देशभक्ति की भावना को जीवंत किया। समारोह का विशेष आकर्षण शिव-पार्वती एक्ट रहा, जिसमें विद्यार्थियों ने भगवान शिव और माता पार्वती के दिव्य स्वरूप एवं पौराणिक प्रसंग को प्रभावशाली अभिनय के माध्यम से प्रस्तुत किया। इस प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं की सुंदर झलक प्रस्तुत की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक एवं देशभक्ति प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और आत्मविश्वास का शानदार प्रदर्शन किया। तीज की पारंपरिक छटा और स्वतंत्रता दिवस की देशभक्ति ने समारोह को विशेष रूप से यादगार बना दिया। विद्यालय के निदेशक विक्रांत मायना एवं सान्या मायना, असिस्टेंट डायरेक्टर डॉ. अमन अग्रवाल, प्रिंसिपल डॉ. श्रुति शर्मा तथा हेडमिस्ट्रेस सुश्री अनामिका बल्हारा ने विद्यार्थियों की शानदार प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

केवीएम पब्लिक स्कूल में मनाया जश्न-ए-आजादी व तीज का त्योहार

रोहतक । के.वी.एम. पब्लिक स्कूल में तीज एवं स्वतंत्रता दिवस के पर विभिन्न रचनात्मक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। तीज के अवसर पर छात्राओं एवं विद्यार्थियों के लिए मेहंदी लगाने तथा पतंग उड़ाने की गतिविधियाँ आयोजित की गईं। बच्चों ने इन गतिविधियों का आनंद लेते हुए अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं, स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों ने देशभक्ति विषय पर ड्रॉइंग, पेपर क्राफ्टिंग सहित विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से देशप्रेम, एकता और राष्ट्रीय गौरव का संदेश दिया।विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. मीना कौशिक ने विद्यार्थियों के उत्साह एवं प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ बच्चों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास, सांस्कृतिक मूल्यों और देशभक्ति की भावना को विकसित करती हैं।

80 शिक्षकों की पे-फिक्सेशन पर एमडीयू को दिया लीगल नोटिस

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (मडूटा) ने विवि के करीब 80 शिक्षकों से जुड़े पे-फिक्सेशन, वार्षिक इंक्रीमेंट और पूर्व में स्वीकृत पीएचडी इंक्रीमेंट की रिकवरी के मामले में विवि प्रशासन को लीगल नोटिस दिया है। संघ की ओर से 12 अगस्त को कुलपति, रजिस्ट्रार, संयुक्त निदेशक ऑडिट और सहायक रजिस्ट्रार स्थापना शाखा व अधिकारियों को नोटिस भेजा गया। मडूटा के प्रधान प्रदीप कुमार गहलोत ने कहा कि संघ की ओर से इन मामलों को लेकर विवि प्रशासन के समक्ष कई बार व्यक्तिगत और लिखित रूप में समस्याएं उठाई गईं, लेकिन समाधान नहीं हुआ। ऐसे में कानूनी कदम उठाना पड़ा। संघ ने कहा कि विश्वविद्यालय में कई शिक्षकों को करियर एडवांसमेंट योजना के तहत पदोन्नति मिल चुकी है, लेकिन इसके बावजूद उनकी पे-फिक्सेशन लंबे समय से लंबित है। संघ ने पात्र शिक्षकों की पे-फिक्सेशन जल्द पूरी कर वित्तीय लाभ देने की मांग की है।

पीटीसी सुनारिया में निकाली तिरंगा यात्रा

रोहतक। हर घर तिरंगा अभियान-2026 के तहत पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय (पीटीसी), सुनारिया के परिसर में भव्य एवं गरिमापूर्ण तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों एवं प्रशिक्षणार्थियों में राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता तथा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना को और अधिक सुदृढ़ करना रहा। पीटीसी सुनारिया के डीएसपी कुलबीर सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस तिरंगा यात्रा में महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पूरे उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लेकर पूरे परिसर में अनुशासित एवं गरिमापूर्ण ढंग से मार्च किया। तिरंगा यात्रा के दौरान 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम' तथा अन्य देशभक्ति के नारों से पूरा पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय देशभक्ति के रंग में रंग गया। प्रतिभागियों में राष्ट्रीय ध्वज कोलेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। यात्रा ने न केवल पुलिस कर्मियों में राष्ट्रप्रेम की भावना को अभिव्यक्त किया, बल्कि उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को देश की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता के प्रति अपने दायित्वों की याद भी दिलाई। इस अवसर पर डीएसपी कुलबीर सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा भारत की एकता, अखंडता, गौरव और स्वाभिमान का प्रतीक है। तिरंगे के तीनों रंग और अशोक चक्र हमें देश के महान स्वतंत्रता सेनानियों, वीर सैनिकों तथा उन सभी राष्ट्रभक्तों के त्याग और बलिदान की याद दिलाते हैं, जिन्होंने देश की स्वतंत्रता एवं सुरक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया।

डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल में मनाया स्वतंत्रता दिवस

रोहतक। डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक में स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य शंकर लाल द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यालय के चारों सदनों और एनसीसी कैडेट्स ने मार्चपास्ट किया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, कविता, नृत्य और एरोबिक्स जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसमें भारतीय सांकेतिक भाषा में राष्ट्रगान की प्रस्तुति मुख्य आकर्षण रही, जिसने समावेशिता का संदेश दिया। शिक्षिकाओं ने भी विशेष नृत्य प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने भाषण के माध्यम से स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

एमडीयू में मीसो के धरने को छात्र नेताओं का समर्थन

रोहतक। एमडीयू में छात्रों की मांगों को लेकर मिशन इक्वलिटी स्टूडेंट ऑर्गनाइजेशन (मीसो) द्वारा दिए जा रहे धरने को अब छात्र संगठनों और युवा नेताओं का भी समर्थन मिलने लगा है। इसी कड़ी में छात्र नेता दिनेश कांगड़ा एवं आंबेडकर क्रांति के प्रदेश अध्यक्ष रॉकी मायना धरने पर पहुंचे और छात्रों की मांगों के प्रति अपना पूर्ण समर्थन जताया। इस दौरान नेताओं ने धरने पर बैठे विद्यार्थियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को विस्तार से सुना और विश्वविद्यालय प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। छात्र नेता दिनेश कांगड़ा ने कहा कि शिक्षा हर विद्यार्थी का मौलिक अधिकार है और यह हर जरूरतमंद की पहुंच में होनी चाहिए। लगातार बढ़ रही फीस के कारण आर्थिक रूप से कमजोर और सामान्य परिवारों के छात्रों पर अत्यधिक आर्थिक बोझ पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि बीपीएल छात्रों को हॉस्टल फीस में राहत मिलने से गरीब परिवारों के बच्चों को अपनी पढ़ाई जारी रखने में काफी सहूलियत मिलेगी। प्रशासन को बिना देरी किए इन जायज मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेना चाहिए। आंबेडकर क्रांति के प्रदेश अध्यक्ष रॉकी मायना ने कहा कि यदि विश्वविद्यालय प्रशासन ने जल्द से जल्द छात्रों की इन मांगों को पूरा नहीं किया, तो छात्र हित में एक बड़ा और व्यापक आंदोलन शुरू किया जाएगा। उनकी प्रमुख मांगें 10 प्रतिशत वार्षिक फीस वृद्धि को तुरंत प्रभाव से रद्द करने और बीपीएल श्रेणी के छात्रों के लिए हॉस्टल फीस में 50 प्रतिशत की विशेष छूट लागू किए जाने की है।

विद्यार्थियों ने बिखेरे संस्कृति के रंग

इंडस पब्लिक स्कूल में मनाया तीज महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

- छात्रों ने लघु नाटिका द्वारा देशभक्ति का संदेश दिया

इंडस पब्लिक स्कूल में हरियाली तीज का त्योहार बड़े ही हर्षोल्लास और देशभक्ति के साथ मनाया गया। जिसमें पारम्परिक लोक संस्कृति और राष्ट्र प्रेम का अनूठा संगम देखने को मिला।

कार्यक्रम की शुरूआत, कक्षा तीसरी के विद्यार्थियों ने पारम्परिक व महान स्वतंत्रता सेनिकों की पोशाक पहन कर देश भक्ति गीत 'मेरा रंग दे बसंती चोला' से की। इसके बाद छात्राओं ने रंग-बिरंगी पोशाक पहन कर देश भक्ति गीतों पर हरियाणवी लोक नृत्य की सुन्दर झलकियां प्रस्तुत की। विद्यार्थियों ने रंग बिरंगे परिधानों में सज कर स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद किया। भाषण, देशभक्ति गीत और महापुरूषों द्वारा दिए गए नारों को विद्यार्थियों ने ओजस्वी वाणी में प्रस्तुत किया। छात्रों ने एक लघु नाटिका द्वारा देशभक्ति का संदेश दिया। छात्राओं ने वीररस की एक से बढ़ कर एक कविता प्रस्तुति द्वारा वातावरण को देशमय कर दिया। इस अवसर पर विद्यालय में चारों ओर हरा, सफेद व केसरिया रंग की छटा दिखाई दी। चारों सदनों के मध्य लड़कों की पंतग बाजी प्रतियोगिता हुई व लड़कियों की मेहंदी प्रतियोगिता हुई। विद्यालय की चेयरपर्सन, डॉ. एकता सिंधु ने अपने संदेश में सभी छात्रों को हरियाली तीज की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि ऐसे त्योहार हमारी संस्कृति को जीवित रखते हैं और जब इसमें देशभक्ति का रंग मिल जाता है, तो यह बच्चों में राष्ट्र के प्रति गौरव की भावना को और मजबूत करते हैं। प्राचार्य दीपक कुमार वशिष्ठ ने अपने संबोधन में कहा कि हम सभी को अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए तत्पर रहना चाहिए।

विभाजन की विभीषिका सिखाती है नफरत नहीं, मानवता को अपनाएं

रोहतक। शुक्रवार को पीजीआईएमएस की ओपीडी में एक अलग ही नजारा नजर आया। ओपीडी में आने वाला हर मरीज डॉक्टर को दिखाने से पहले देशभक्ति पर बनी विशाल रंगोली के साथ फोटो खिंचवाने के लिए उमड़ पड़ा। तिरंगे के रंगों से सजी, शहीदों को समर्पित इस रंगोली को देखकर लोगों के मुंह से स्वतः वाह भई वाह निकला। मरीजों और तीमारदारों ने रंगोली के साथ सेल्फी ली और उसे अपने फोन में संजो लिया। अवसर था पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, रोहतक में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का, जो पूरी श्रद्धा और देशभक्ति के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर उपस्थित कुलपति प्रो. डॉ. एचके अग्रवाल ने कहा कि विभाजन की त्रासदी हमें सबसे बड़ी सीख - मानवता, एकता और सद्भाव की देती है। डॉ. अग्रवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मेरे प्रिय विद्यार्थियों, आप भविष्य के चिकित्सक हैं। एक चिकित्सक मरीज की जाति, धर्म या क्षेत्र नहीं देखता। उसके सामने केवल एक मनुष्य और उसका दर्द होता है। यही चिकित्सा की आत्मा है और यही मानवता की भी आत्मा है। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि विभाजन की स्मृति का उद्देश्य किसी के प्रति नफरत पैदा करना नहीं है। कुलसचिव डॉ. रूपसिंह ने कहा कि यह दिवस फ्रीडम फाइटर और विभाजन में शहीद हुए परिवारों की याद में मनाया जाता है। पीजीआईएमएस के निदेशक डॉ. एसके सिंघल ने कहा कि हम अक्सर अपने इतिहास से वंचित रह जाते हैं क्योंकि हम उसे नहीं पढ़ते। इस कार्यक्रम से हमें अपने इतिहास को जानने का अवसर मिला।

आर्यन स्कूल में नजर आई देशभक्ति की झलक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

लाखन माजरा स्थित द आर्यन पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस एवं तीज पर्व के आगमन को हृदय छू लेने वाले देशभक्ति गीतों, जोशीले नृत्यों और शानदार कोरियोग्राफी के साथ उत्साहपूर्वक मनाया गया। सुबह 10:00 बजे एनसीसी कैडेट्स की गरिमामयी उपस्थिति में तिरंगे से सजा विद्यालय प्रांगण "वन्दे मातरम्" के जयघोष से गूंज उठा और पूरा माहौल देशभक्ति की भावना से सराबोर हो गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरुआत से जुड़ीं पूनम आर्य और प्रवेश आर्य ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि जीवन में सही रास्ते पर पूरी शिद्दत, ईमानदारी और मेहनत से आगे बढ़ना ही सच्ची देशभक्ति है। उन्होंने एनसीसी कैडेट्स को सर्टिफिकेट भी वितरित किए।

विद्यालय की प्राचार्या अनीता सिंह एवं प्रबंधन सदस्य लता दहिया ने मुख्य अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस पूरे आयोजन ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और विद्यालय परिवार के बीच देशप्रेम, संस्कृति और आपसी जुड़ाव की भावना को और मजबूत किया।

हरिभूमि
रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार 15 अगस्त 2026

तापमान
अधिकतम 32.8°c
न्यूनतम 29.2°c

नगर निगम कार्यालय जल्द एग्रो मॉल में होगा शिफ्ट, जाम से मिलेगी निजात

कई साल से चल रही थी नई जगह की कवायद, पार्किंग की नहीं रहेगी दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

नगर निगम कार्यालय में आने वाली भीड़, धरने-प्रदर्शनों और वाहनों की आवाजाही से आंबेडकर चौक पर लगने वाला जाम भी अब कम होने की उम्मीद है। शहर के बीचोंबीच स्थित नगर निगम कार्यालय को जल्द ही एग्रो मॉल में शिफ्ट किया जाएगा, तैयारी अंतिम चरण में पहुंच गई है। इसके लिए फाइल तैयार कर ली गई है और अब आला अधिकारियों के हस्ताक्षर होने बाकी हैं। मंजूरी मिलते ही निगम का कार्यालय नए भवन में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

दरअसल, नगर निगम का कार्यालय फिलहाल एक ही परिसर में नहीं, बल्कि शहर के अलग-अलग हिस्सों में पांच भवनों में संचालित हो रहा है। इससे अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ-साथ आम लोगों को भी परेशानी उठानी पड़ती है। एक शाखा से दूसरे शाखा तक जाने के लिए लोगों को अलग-अलग स्थानों का चक्कर लगाना पड़ता है। लंबे समय से निगम कार्यालय के लिए एक ऐसी जगह की तलाश चल रही थी, जहां सभी प्रमुख शाखाओं को एक स्थान पर लाया जा सके और आमजन को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

पांच अलग-अलग भवनों में चल रहा निगम का कार्यालय, अब अंतिम चरण में पहुंची तैयारी

मौजूदा भवन मॉडल स्कूल को देने की तैयारी

सूत्रों का कहना है कि नगर निगम के वर्तमान कार्यालय की जगह का भी उपयोग किए जाने की संभावना है। मौजूदा भवन को मॉडल स्कूल के लिए दिए जाने पर विचार चल रहा है। यदि यह प्रस्ताव सिरे चढ़ता है तो शहर को एक ओर आधुनिक और व्यवस्थित नगर निगम कार्यालय मिलेगा, वहीं दूसरी ओर मौजूदा भवन का उपयोग शैक्षणिक गतिविधियों के लिए किया जा सकेगा।

एग्रो मॉल में मिलेगा पर्याप्त स्थान

निगम अधिकारियों के अनुसार एग्रो मॉल में कार्यालय शिफ्ट होने से कई समस्याओं का समाधान हो सकता है। सबसे बड़ा फायदा पार्किंग को लेकर होगा। मौजूदा कार्यालय के आसपास पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के कारण कर्मचारियों और निगम के काम से आने वाले लोगों को सड़क किनारे वाहन खड़े करने पड़ते हैं। इससे यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है। एग्रो मॉल में अपेक्षाकृत बेहतर पार्किंग सुविधा उपलब्ध होने के कारण यह समस्या काफी हद तक दूर होने की उम्मीद है। नए स्थान पर कार्यालय पहुंचने वाले लोगों को भी एक ही जगह पर विभिन्न शाखाओं से संबंधित काम कराने की सुविधा मिल सकेगी। इससे निगम की सेवाओं को व्यवस्थित करने और कार्यालयी कामकाज में तेजी लाने में भी मदद मिलने की उम्मीद है।

आंबेडकर चौक पर जाम से होती थी दिक्कत

निगम कार्यालय में रोजाना बड़ी संख्या में लोग अपने काम के लिए पहुंचते हैं। इसके अलावा विभिन्न संगठनों और कर्मचारियों की ओर से धरने-प्रदर्शन भी किए जाते हैं। कार्यालय के बाहर और आसपास वाहनों की भीड़ बढ़ने से आंबेडकर चौक पर अक्सर जाम की स्थिति बन जाती है। पीक समय में यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। कार्यालय एग्रो मॉल में शिफ्ट होने के बाद इस क्षेत्र में वाहनों का दबाव कम होने और यातायात व्यवस्था बेहतर होने की उम्मीद है।

बोहर में किशोर ने फंदा लगाकर की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

बोहर गांव में शुक्रवार सुबह एक किशोर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में किशोर द्वारा फांसी लगाने की बात सामने आई है। हालांकि उसने यह कदम क्यों उठाया, इसके कारणों का अभी खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस मामले से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जांच कर रही है और परिजनों तथा आसपास के लोगों से जानकारी जुटाई जा रही है।

पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही आत्महत्या के कारणों के बारे में स्पष्ट जानकारी सामने आ सकेगी। फिलहाल मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

रोहतक में सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा करेंगे ध्वजारोहण

रोहतक। शहर के राजीव गांधी खेल परिसर में 80वें स्वतंत्रता दिवस के जिला स्तरीय समारोह में प्रदेश के सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा राष्ट्रीय ध्वजारोहण करेंगे। समारोह से पहले डॉ. अरविंद शर्मा एमडीयू परिसर स्थित राज्य स्तरीय युद्ध स्मारक पर शहीदों को पुष्प अर्पित कर नमन करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यातिथि के समारोह स्थल पर पहुंचने के बाद राष्ट्रीय गीत की प्रस्तुति होगी। इसके बाद राष्ट्रीय ध्वजारोहण किया जाएगा। ध्वजारोहण के बाद मुख्यातिथि खुली जीप में सवार होकर परेड का निरीक्षण करेंगे।

ये रहेगा कार्यक्रम

परेड कमांडर डीएसपी तनुज शर्मा के नेतृत्व में विभिन्न टुकड़ियां मार्च पास्ट करेंगी। इसमें हरियाणा पुलिस की महिला और पुरुष टुकड़ियों के साथ होम गार्ड, एनसीसी गर्ल्स व ब्वॉयज, गाइड, स्काउट, प्रजातंत्र के प्रहरी तथा हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड की टुकड़ियां शामिल रहेंगी। मुख्यातिथि मार्च पास्ट की सलामी लेंगे। मार्च पास्ट के बाद डॉ. अरविंद शर्मा जिला वासियों के नाम अपना संदेश देंगे। इसके बाद स्वतंत्रता सेनानियों और युद्ध वीरांगनाओं का सम्मान किया जाएगा। विभिन्न विद्यालयों के 1500 से अधिक विद्यार्थी सामूहिक शारीरिक अभ्यास का प्रदर्शन करेंगे। समारोह में देशभक्ति और राष्ट्रप्रेम से जुड़े आठ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे।

करीब दो किलो अफीम और 750 ग्राम गांजा पत्ती के साथ तीन युवक गिरफ्तार

रोहतक। जांच करते एफएसएल इंचार्ज डॉ सरोज दहिया व पुलिस अधिकारी।

रोहतक। जिला पुलिस ने तीन लोगों को नशीले पदार्थ सहित गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, महम थाना पुलिस ने कृष्ण निवासी गांव बलंभा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1 किलो 902 ग्राम अफीम बरामद की है। जब की बहु अकबरपुर थाना पुलिस ने हरिओम निवासी कलानौर विवेक निवासी गांव पिनाना जिला सोनीपत को मोटरसाइकिल सहित काबू कर उनके कब्जे से 750 ग्राम गांजा पत्ती बरामद की है। आरोपियों के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उन्हें कोर्ट में पेश किया जहां कोर्ट के आदेश पर उन्हें जेल भेज दिया।

पत्नी की हत्या के बाद शव गाड़ी में लेकर घूम रहा था, गिरफ्तार

अनबन के चलते गला घोंटकर किया था कत्ल

सोनीपत पुलिस ने दी थी विवाहिता के परिवार को खबर

शव बरामद

महिला की गला घोंटकर हत्या की गई है। शव बरामद कर लिया गया है। महिला के पति को गिरफ्तार किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।
-अश्वनी अहलावत, एसएचओ आईएमटी थाना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

आईएमटी थाना क्षेत्र में एक महिला की उसके पति ने गला घोंट कर हत्या कर दी और शव को गाड़ी में लेकर घूमता रहा। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव बरामद कर पीजीआई भेजा। पुलिस ने महिला के पति को गिरफ्तार कर लिया है। जांच में पता चला है कि दोनों में लम्बे समय से अनबन रहती थी।

पुलिस ने विकास निवासी हसनपुर परनाला जिला झज्जर की शिकायत पर उसकी बेटी के पति हरविंदर उर्फ रिंकू निवासी फरमाना के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है। पुलिस में दी रिपोर्ट में विकास ने बताया कि वह झज्जर जिले का रहने वाला है और उसके दो बच्चे हैं जिनमें बड़ी बेटी तमन्ना और छोटा बेटा अभिजीत है। तमन्ना ने अपनी मर्जी से हरविंदर के साथ वर्ष 2021 में शादी की थी और उसके पास दो बच्चे हैं। तमन्ना की शादी के बाद उसके पति से उसकी अनबन रहती थी और जिसके चलते तमन्ना उनसे अलग रोहतक में रहती थी और उसके बच्चे उसकी ससुराल फरमाना में ही रहते थे। शिकायतकर्ता पिता विकास ने बताया कि 13 अगस्त 2026 को रात 8:30 बजे मेरे बेटे अभिजीत के पास सोनीपत पुलिस से सूचना आई कि आपकी बहन का कत्ल आपके जीजा ने कर दिया है और लाश को ठिकाने लगाने के लिए उसने गाड़ी में लाश को डाल रखा है।

पुलिस के अनुसार, गाड़ी फरमाना जिला सोनीपत में खड़ी है और पूछताछ में पता लगा है कि आरोपी पति ने तमन्ना की हत्या गांव पोलंगी जिला रोहतक के खेतों में की है। सूचना पाकर वह अपने बेटे के साथ मौके पर पहुंचा और आरोपी पति के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की शिकायत दी है। एफएसएल इंचार्ज डॉ सरोज दहिया ने भी मौके का निरीक्षण कर सबूत एकत्रित किए। पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए पीजीआई भेजा है।

रामगोपाल कॉलोनी से दो बच्चों को लेकर महिला गायब, मामला दर्ज

रोहतक। अर्बन स्टेट थाना पुलिस ने सर्वोदय भारद्वाज निवासी रामगोपाल कालोनी की शिकायत पर उसकी पत्नी शिवानी शर्मा और दो बच्चों के गायब होने के मामले में रिपोर्ट दर्ज की है जो दोनों बच्चों को लेकर बिना बताए घर से 12 अगस्त को दोपहर 1:00 बजे चली गई। शिकायतकर्ताका कहना है कि उसका विवाह 26 फरवरी 2023 को हिंदू रीति रिवाज के साथ शिवानी के साथ हुआ था लेकिन अचानक उसकी पत्नी दोनों बच्चों को लेकर चली गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

मदीना के भागीरथ परिवार के तीन भाइयों ने लड़ी आजादी की लड़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास केवल बड़े आंदोलनों और प्रमुख नेताओं की कहानी नहीं है। गांवों और कस्बों के ऐसे परिवार भी इस संघर्ष का हिस्सा रहे, जिन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के विरोध में जेल की यातनाएं सहीं और अपने जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा देश की आजादी के लिए समर्पित कर दिया। रोहतक जिले के मदीना गांव का चौधरी भागीरथ परिवार भी ऐसी ही विरासत का उदाहरण है। उनके तीन बेटों अमीर सिंह, धर्मबीर शास्त्री और सहदेव शास्त्री ने अंग्रेजी शासन के खिलाफ स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया। स्वतंत्रता सेनानी सहदेव शास्त्री के पुत्र देवसुमन दांगी के अनुसार, उनके ताऊ अमीर सिंह और धर्मबीर शास्त्री ने कम उम्र में ही आजादी की लड़ाई का रास्ता चुन लिया था। अमीर सिंह करीब 24 वर्ष की उम्र में आंदोलन से जुड़े, जबकि धर्मबीर शास्त्री किशोर अवस्था में ही अंग्रेजी शासन के खिलाफ संघर्ष में उतर गए थे।

मुल्तान-लाहौर जेल में झेली यातनाएं

अंग्रेजी शासन के खिलाफ गतिविधियों में सक्रिय रहने के कारण दोनों भाइयों को गिरफ्तार कर लिया गया। परिवार के अनुसार, उन्हें मुल्तान और लाहौर की जेलों में रखा गया, जहां उन्हें कठोर यातनाएं सहनी पड़ीं। यातनाओं के दौरान धर्मबीर शास्त्री के हाथ की हड्डी तक टूट गई थी। इसके बावजूद दोनों भाइयों ने संघर्ष का रास्ता नहीं छोड़ा और उनका हौसला कायम रहा। परिवार के मुताबिक, जेल में उनके साथ चौधरी देवीलाल और उनके बड़े भाई साहबराम भी बंद रहे। जेल में बिताए कठिन दिनों के बाद जब दोनों भाई बाहर आए तो उनके संघर्ष और जज्बे की चर्चा आसपास के क्षेत्र में होने लगी।

सहदेव शास्त्री भी आंदोलन में कूदे

दिल्ली में उनकी मुलाकात महात्मा गांधी और विनोबा भावे समेत स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े कई प्रमुख व्यक्तित्वों से हुई। इन मुलाकातों ने उनके जीवन और विचारों को नई दिशा दी। परिवार का कहना है कि अंग्रेजी हुकूमत की यातनाओं के बावजूद भागीरथ परिवार के सदस्यों ने आजादी के आंदोलन से अपना नाता नहीं तोड़ा। तीसरे भाई सहदेव शास्त्री ने भी स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई और भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान संघर्ष में भाग लिया। इस तरह एक ही परिवार के तीन भाइयों ने अलग-अलग दौर में अंग्रेजी शासन के खिलाफ आवाज उठाई।

आजादी के संघर्ष में गांवों का योगदान

दो भाइयों को जेल और यातनाएं झेलनी पड़ीं, जबकि तीसरे भाई ने भारत छोड़ो आंदोलन में सक्रिय भागीदारी की। आजादी की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर मदीना के इस परिवार की कहानी यह याद दिलाती है कि स्वतंत्रता का संघर्ष केवल बड़े शहरों या प्रसिद्ध नेताओं तक सीमित नहीं था। गांवों के अनेक परिवारों ने भी व्यक्तिगत सुख-सुविधाओं और सुरक्षा की परवाह किए बिना अंग्रेजी शासन का विरोध किया और देश की आजादी के लिए अपना योगदान दिया।

जगह-जगह सड़कों पर पानी भरा, प्रशासन के दावों की फिर खुली पोल

15 एमएम बारिश से जलभराव की स्थिति

सीजन में अब तक 32% कम बरसे बादल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले में मानसून सीजन के दौरान अभी तक सामान्य से 32 प्रतिशत कम बारिश हुई है, लेकिन इसके बावजूद पिछले दिनों हुई बरसात में शहर और गांवों के कई हिस्से जलभराव की चपेट में आ गए। शुक्रवार को भी शहर के कुछ हिस्सों में करीब 15 मिलीमीटर बारिश हुई, जबकि बोहर-गढ़ी बोहर क्षेत्र में दिनभर धूल उड़ती रही। कम बारिश के बावजूद जलभराव की स्थिति ने बरसाती पानी की निकासी को लेकर सिस्टम की तैयारियों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। बीते 13 अगस्त तक जिले में सामान्य बारिश 297.9 मिलीमीटर होनी चाहिए थी, जबकि वास्तविक बारिश 202.3 मिलीमीटर ही हुई है। यानी सामान्य से 95.6 मिलीमीटर कम बारिश हुई। इसके बावजूद जहां बारिश हुई, वहां पानी जमा होने की स्थिति सामने आई। इससे सवाल उठ रहा है कि जब बारिश सामान्य से एक-तिहाई कम है तो फिर बरसात होते ही शहर और गांव- खेत में पानी क्यों भर रहा है।

नटराज होले के पास

माडल टाउन

कहीं बरसा पानी, कहीं दिनभर उड़ी धूल

शुक्रवार को शहर के कुछ हिस्सों में करीब 15 मिलीमीटर बारिश हुई, जबकि बोहर और गढ़ी बोहर की तरफ के इलाके बारिश से अछूते रहे। इन क्षेत्रों में दिनभर धूल उड़ती रही। एक ही शहर में मौसम के इस बदले मिजाज से बारिश के असमान वितरण की तस्वीर सामने आई। जहां बारिश हुई, वहां सड़कों और निचले इलाकों में पानी जमा हो गया, जबकि कुछ किलोमीटर दूर लोग बारिश का इंतजार करते रहे। इससे यह भी साफ हुआ कि बारिश की मात्रा कम होने के बावजूद जहां पानी बरसता है, वहां उसकी निकासी व्यवस्था की स्थिति तुरंत सामने आ जाती है। मानसून में यह अंतर लगातार देखने को मिल रहा है।

कम बारिश में निकासी व्यवस्था बेनकाब

पिछले दिनों हुई बारिश में भी शहर और गांवों के कई हिस्सों में जलभराव हुआ था। प्रशासन की ओर से बरसाती पानी की निकासी के इंतजाम किए जाने के दावे किए जाते रहे हैं, लेकिन जमीन पर स्थिति अलग दिखाई दी। सामान्य से कम बारिश के बावजूद यदि कुछ घंटों की बरसात में रास्तों और रिहायशी इलाकों में पानी जमा हो जाता है तो यह केवल बारिश की मात्रा का मामला नहीं, बल्कि निकासी व्यवस्था की कार्यप्रणाली पर सवाल है।बारिश का दौर अभी जारी है। ऐसे में आने वाले दिनों में यदि तेज बारिश हुई तो पहले से जलभराव वाले क्षेत्रों में स्थिति और बिगड़ सकती है। फिलहाल आंकड़े भले ही सामान्य से कम बारिश की तस्वीर दिखा रहे हों, लेकिन कम बारिश में ही जलभराव की स्थिति सिस्टम की तैयारियों की पोल खोल रही है।

बारिश से फिर कई इलाके जलमग्न

शुक्रवार शाम शहर में एक बार फिर बारिश का दौर शुरू हुआ। इसके बाद बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के सामने, मॉडल टाउन, छोटूराम चौक और प्रेम नगर सहित कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई। इन क्षेत्रों में सड़कों पर पानी जमा होने से लोगों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ा। बारिश शुरू होने के बाद शहर में पहले से जलभराव की समस्या वाले क्षेत्रों में पानी जमा हुआ। पिछले दिनों हुई बारिश के बाद भी शहर के कई हिस्सों में जलभराव की स्थिति सामने आई थी। इसके बावजूद शुक्रवार शाम हुई बारिश में कई क्षेत्रों में दोबारा पानी जमा हो गया।

बारिश के मौसम में जनस्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी स्टेशन नहीं छोड़ सकेंगे

- जलभराव रोकने के लिए मोटरों और मशीनरी को दुरुस्त रखने के निर्देश, खराब मोटरों को ठीक कराने और पुरानी मोटरों को बदलने की तैयारी

रोहतक। बारिश के मौसम को देखते हुए जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने-अपने कार्यक्षेत्र में व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी करने के निर्देश दिए हैं। अब बारिश के दौरान विभाग के कर्मचारी और अधिकारी बिना आवश्यक अनुमति के अपना स्टेशन नहीं छोड़ सकेंगे। चंडीगढ़ मुख्यालय से जारी निर्देशों में साफ कहा गया है कि जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए अधिकारी और कर्मचारी अपने क्षेत्रों में मौजूद रहें तथा जल निकासी से संबंधित व्यवस्थाओं पर लगातार नजर रखें। रोहतक में लगातार बारिश के दौरान कई क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति बनने की आशंका रहती है। ऐसे में जनस्वास्थ्य विभाग को पहले से ही सभी आवश्यक तैयारियां पूरी रखने के निर्देश दिए गए हैं। विशेष रूप से जल निकासी के लिए इस्तेमाल होने वाली मोटरों, पाइपों और अन्य मशीनरी की जांच कर उन्हें चालू हालत में रखने को कहा गया है। जिन मोटरों में खराबी है, उन्हें तत्काल ठीक कराया जाएगा, जबकि लंबे समय से खराब या अनुपयोगी हो चुकी पुरानी मोटरों को बदलने की प्रक्रिया पर भी काम किया जाएगा। विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि बारिश शुरू होने के बाद किसी तरह की आपात स्थिति का इंतजार करने के बजाय पहले से ही संवेदनशील स्थानों की पहचान कर ली जाए। जिन क्षेत्रों में पहले जलभराव की समस्या सामने आती रही है, वहां जल निकासी की व्यवस्था को विशेष रूप से मजबूत रखा जाए। जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त मोटर और मशीनरी भी मौके पर भेजी जा सकेगी।

नीचले हिस्सों का ध्यान रखना जरूरी

बारिश के दौरान शहर के निचले इलाकों में पानी जमा होने की स्थिति में सबसे बड़ी जरूरत समय पर निकासी की होती है। इसके लिए विभाग को अपनी मशीनरी तैयार रखने के साथ कर्मचारियों की जिम्मेदारी भी तय करने को कहा गया है। अधिकारियों को निर्देश हैं कि शिकायत मिलने के बाद मौके पर पहुंचने में देरी न हो और जलभराव को जल्द से जल्द दूर किया जाए।

धूमधाम से मनाया सुपवा का 13वां स्थापना दिवस

रोहतक। दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीसुपवा) का 13वां स्थापना दिवस शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। कुलगुरु डॉ अमित आर्य ने सूर्य कवि दादा लख्मी चंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए पूरे सुपवा परिवार को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। इस दौरान यूनिवर्सिटी के टीचिंग, नॉन टीचिंग स्टाफ व अन्य कर्मचारियों ने भी सूर्य कवि दादा लख्मी चंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। कुलगुरु डॉ अमित आर्य ने कहा कि जिस मकसद के लिए सुपवा की स्थापना की गई थी, वह उसी लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रही है। यहां कड़ी मेहनत से प्रतिभाओं को निखारा जा रहा है, जो अपने क्षेत्र में यूनिवर्सिटी व प्रदेश का नाम रोशन कर रही हैं। यहां पर बनी शॉर्ट फिल्में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान छोड़ रही हैं। यहां से प्रशिक्षित छात्र फिल्म इंडस्ट्री में मुकाम हासिल कर रहे हैं।

राजकीय महिला महाविद्यालय में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर लगाई प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

स्वतंत्रता दिवस के पूर्वसंध्या पर राजकीय महिला महाविद्यालय, रोहतक में 'हर घर तिरंगा' अभियान और 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' के अवसर पर एक भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। ललित कला विभाग द्वारा एनएसएस इकाई के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का शीर्षक "14 अगस्त: विभाजन की भयावहता का स्मरण" रखा गया। इस विशेष अवसर पर विद्यार्थियों ने स्वतंत्रता और विभाजन से जुड़ी अपनी कलाकृतियों के माध्यम से इतिहास के उन काले पन्नों और मानवीय दर्द को जीवंत कर दिया। कार्यक्रम में रोहतक की प्रख्यात समाजसेविका सौम्या ग्रोवर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। यह पूरा आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शमशेर सिंह के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

कला और संवेदना का अनूठा संगम

प्रदर्शनी का आयोजन ललित कला विभागाध्यक्षा डॉ. दीपांजलि दयाल के नेतृत्व में किया गया। इसमें संकाय सदस्य नवेशा धारीवाल, डॉ. सैनी बर्खा, डॉ. रजनी बाला और डॉ. किरण बाला तथा एनएसएस संयोजक डॉ. सुमन एवं डॉ. हर्ष का सक्रिय योगदान रहा। महाविद्यालय के द्वितीय और तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक कृतियों के जरिए प्रदर्शनी को बेहद समृद्ध और भावुक बना दिया।

विस्थापन और मानवीय पीड़ा का चित्रण

प्रदर्शनी में प्रस्तुत विशाल विषयगत चित्र और मिश्रित माध्यम (मिक्स्ड मीडिया) की कलाकृति ने सबका ध्यान आकर्षित किया। इसमें उजड़ते लोग, भीड़भाड़ वाली रेलगाड़ियाँ और विभाजन के दौरान हुए भीषण विस्थापन के दृश्यों को बखूबी उकेरा गया।

पंडित नेकी राम कॉलेज में मनाया 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस'

रोहतक। पंडित नेकी राम शर्मा राजकीय महाविद्यालय में शुक्रवार को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर एक भावपूर्ण एवं प्रेरणादायक देशभक्ति और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य वर्ष 1947 के देश के विभाजन के दौरान अपनी जान गंवाने वाले हुतात्माओं को श्रद्धांजलि देना और युवाओं में राष्ट्रीय एकता व सामाजिक सद्भावना की अलख जगाना था। दो मिनट का मौन रखकर दी गई श्रद्धांजलि प्राचार्य प्रो. सुरेंद्र सांगवान के संरक्षण में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत दो मिनट का मौन रखकर की गई। संगीत विभाग की प्रस्तुतियों ने मोहा मनकार्यक्रम के अगले चरण में संगीत विभाग के विद्यार्थियों ने समां बांध दिया। डॉ. टीना के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए देशभक्ति गीतों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने पूरे परिसर को राष्ट्रप्रेम के रंग में रंग दिया। प्रो. सांगवानविद्यार्थियों को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सुरेंद्र सांगवान ने कहा कि विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस हमें इतिहास के उस काले अध्याय की याद दिलाता है, जिसमें लाखों लोगों ने विस्थापन और अपनों को खोने का असहनीय दर्द झेला है। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे अतीत के अनुभवों से सीख लें और आपसी शांति, सद्भाव व राष्ट्रीय एकता को अपने जीवन में सर्वोपरि रखें। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के सभी शिक्षक, कर्मचारी और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे, जिन्होंने देश की एकता और अखंडता के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहने का संकल्प लिया।

रोहतक। आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते प्राचार्य प्रो. सुरेंद्र सांगवान।

जसिया कॉलेज में हर्षोल्लास से मनाया गया तीज महोत्सव

रोहतक। राजकीय महाविद्यालय, जासिया में शुक्रवार को हरियाली तीज महोत्सव बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। महाविद्यालय परिसर को हरे रंग के सजावटी सामान, फूलों और झूलों से आकर्षक ढंग से सजाया गया। तीज भारतीय संस्कृति और परंपरा से जुड़ा महत्वपूर्ण पर्व है, जो सावन की हरियाली, प्रेम और उल्लास का प्रतीक माना जाता है। मेहंदी प्रतियोगिता तथा झूला उत्सव तथा सेल्फी पांइट कार्यक्रम के विशेष आकर्षण रहे। मेहंदी प्रतियोगिता में तान्या ने प्रथम, प्रिया ने द्वितीय तथा स्वाति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सविता पूनिया ने विद्यार्थियों को तीज पर्व के सांस्कृतिक महत्व से परिचित कराया तथा भारतीय परंपराओं को संजोए रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ मिनाक्षी दहिया व सांस्कृतिक समिति प्रभारी श्रीमती प्रीती एवम समिति सदस्य डॉ मीनू रानी व श्रीमती अर्चना की देख-रेख में हुआ।

रैंप हॉल में छात्र-छात्राओं की प्रस्तुति पर लगातार बजती रही तालियां

छात्रों ने सुपवा में दिखाया फैशन का जलवा

- फैशन शो के साथ तीन दिवसीय डिजाइन फेस्टिवल 'सूत्रम' का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीसुपवा) में चल रहे तीन दिवसीय डिजाइन फेस्टिवल 'सूत्रम' का शुक्रवार शाम को फैशन शो के साथ समापन हो गया। फैशन शो में सुपवा के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। यहां छात्रों ने प्रोफेशनल मॉडल की तरह वॉक करते हुए पारंपरिक व आधुनिक भारतीय परिधान पेश किए। इस दौरान पूरा रैंप हॉल लगातार तालियां से गूंजता रहा। 'सूत्रम' के तीसरे व अंतिम दिन शुक्रवार शाम को डिजाइन बिल्डिंग स्थित रैंप हॉल में फैशन शो आयोजित किया गया। इस दौरान विशेष अतिथि के रूप में एलपीएस बोसार्ड के सीएमडी राजेश जैन, सीडीएलयू सिरसा के वीसी प्रो विजय कुमार, समाजसेविका सौम्या ग्रोवर आदि मौजूद रहे। सुपवा पहुंचने पर कुलगुरु डॉ अमित आर्य ने अतिथियों का स्वागत किया व स्मृति चिन्ह भेंट किए। इस दौरान रजिस्ट्रार डॉ गुंजन मलिक मनोचा भी मौजूद रहीं। फैशन शो की शुरुआत से पहले दीप प्रज्वलन किया गया। इसके बाद गणेश वंदना हुई। फैशन शो में सुपवा के 47 छात्र-छात्राओं ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

2 घंटे तक चला फैशन शो

फैशन शो करीब 2 घंटे तक चला, जिसमें 3 अलग-अलग राउंड रहे। विभिन्न राउंड के बीच में सुपवा के ही छात्रों ने राजस्थानी, हरियाणवी, पंजाबी डांस प्रस्तुत किए। फैशन शो के दौरान रंग-बिरंगी रोशनी व अलग-अलग म्यूजिक की बीट्स पर सधे हुए कदमों के साथ छात्र-छात्राओं ने कैटवॉक की। फैशन शो में छात्रों ने मॉडल की तरह विशेष तौर पर डिजाइन किए गए कपड़ों व अन्य उत्पाद के साथ आत्मविश्वास, सीधी पीठ व लयबद्ध कदमों के साथ वॉक की। इस दौरान प्रतिभागियों ने जो भी कॉस्ट्यूम व आउटफिट पहन कर कैट वॉक की, उन्हें सुपवा के छात्रों ने ही तैयार किया था। मॉडल की तरह चल रहे छात्रों के आई कॉन्टैक्ट, चेहरे के एक्सप्रेशन और शालीनता भरी वॉक पर लगातार तालियों की गड़गड़ाहट चलती रही। छात्र-छात्राओं की प्रतिभा को ज्यादा से ज्यादा लोग देख सकें, इसलिए रैंप हॉल के बाहर बड़ी स्क्रीन भी लगाई, जिस पर लाइव चलता रहा।

न्यूज डायरी

तीज के रंग में रंगा बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय

रोहतक। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में हरियाली तीज पर्व उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। चिकित्सा एवं संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय तथा मानविकी संकाय के भूगोल विभाग की ओर से अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए गए। परिसर में हरियाणवी लोक संस्कृति, पारंपरिक परिधान, गीत-संगीत और रचनात्मक गतिविधियों ने उत्सव का माहौल बना दिया। चिकित्सा एवं संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के कार्यक्रम में गायन, नृत्य, रैंप वॉक और पतंग सजावट सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं हुईं। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस आयोजित

रोहतक। सांपला स्थित शहीद राय सिंह राजकीय महाविद्यालय की एन.एस.एस. इकाई के तत्वावधान में हर घर तिरंगा अभियान के तहत स्लोगन और निबंध लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। साथ ही, 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर सादत हसन मंटो की प्रसिद्ध रचना टोबा टेक सिंह नाटक की स्क्रीनिंग कर विद्यार्थियों को ऐतिहासिक सच्चाइयों से अवगत कराया गया। प्रतियोगिताओं में स्लोगन लेखन में सुनिता ने प्रथम, काजल ने द्वितीय और करूणा ने तृतीय स्थान हासिल किया। निबंध लेखन में हर्ष दहिया ने बाजी मारते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि तनु और दीक्षा क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे।

धूमधाम से मनाया गया तीज व स्वतंत्रता दिवस

रोहतक। छोटूराम मैमोरियल पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को हरियाली तीज और स्वतंत्रता दिवस का पावन पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक और देशभक्ति से ओत-प्रोत रंगारंग प्रस्तुतियां देकर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के लिए मेहंदी लगाओ, पोस्टर व स्लोगन लेखन, फैंसी ड्रेस और पतंग उड़ाना जैसी विभिन्न आकर्षक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

बीएमयू में प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

रोहतक। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में एमएसएमई प्रौद्योगिकी केंद्र, रोहतक के सहयोग से आयोजित छह सप्ताह के प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह उत्साह के साथ हुआ। कार्यक्रम में केंद्र के उप महाप्रबंधक एवं मुख्य अतिथि अश्वनी कांत, प्रबंधक रंजय कुमार और मुख्य वक्ता राहुल मौजूद रहे। कुलपति प्रो. बी.एम. यादव ने कहा कि वर्तमान तकनीकी युग में विद्यार्थियों के लिए किताबी ज्ञान के साथ व्यावहारिक और तकनीकी दक्षता हासिल करना भी जरूरी है। उन्होंने प्रशिक्षण के सफल आयोजन के लिए एमएसएमई प्रौद्योगिकी केंद्र के अधिकारियों और प्रशिक्षकों को बधाई देते हुए विद्यार्थियों को नई तकनीकों से निरंतर जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

मॉडल स्कूल में धूमधाम से मनाई तीज

रोहतक। आंबेडकर चौक स्थित मॉडल स्कूल में तीज पर्व धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया गया। स्कूल के हॉल ऑफ फेम में आयोजित प्रदर्शनी में जिला शिक्षा अधिकारी मंजीत मलिक ने विद्यार्थियों द्वारा तैयार हस्तशिल्प, मेहंदी और पतंग सजावट से संबंधित गतिविधियों का अवलोकन किया। पहली से पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने रैंप वॉक में प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जबकि सातवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने कौशल विकास और क्रोशिया कला का भी प्रदर्शन किया।

वैश्य कॉलेज में निकाली भव्य तिरंगा रैली

रोहतक। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में वैश्य कॉलेज, रोहतक द्वारा 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत आज भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली में कॉलेज की एनसीसी, वाईआरसी व एनएसएस की टुकड़ियों ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लेकर अनुशासित मार्च पास्ट किया और देशभक्ति के नारों से वातावरण को राष्ट्रप्रेम से ओत-प्रोत कर दिया। रैली का उद्देश्य आमजन को अपने घरों पर तिरंगा फहराने तथा राष्ट्र के प्रति सम्मान, गौरव और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करने के लिए प्रेरित करना रहा।

अर्पण संस्था में स्वतंत्रता दिवस

रोहतक। अर्पण संस्था में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। जिसमें लड़कियों के समूह, नूर, सानिया, ईशा, अवनी, कीर्ति, अनीतुमा, अन्नू, गरिमा ने हाथों में मेहंदी लगाई और तीज पर हरियाली का संदेश दिया। निर्भय, अल्लीराजा, विवान, ध्रुवी, विन्नी, रोहित, युग ने तिरंगा ड्रेस में देशभक्ति गानों पर डांस किया। जितेश, अखात, सानिया, नूर, अवनी, कीर्ति, सानिया, ईशा, दक्ष ने ग्रुप डांस किया।

20 बुजुर्गों को किया सम्मानित

रोहतक। पंजाबी विकास सभा की ओर से शुक्रवार को 1947 के विभाजन में जान गंवाने वाले लाखों निर्दोष लोगों की स्मृति में विभाजन विभीषिका स्मृति एवं सम्मान दिवस श्रद्धा और भावुकता के साथ मनाया गया। गांधी कैंप स्थित नेक कुकारे वाली रामलीला मैदान में आयोजित कार्यक्रम में हवन यज्ञ कर विभाजन के दौरान शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में अखंड भारत में जन्मे और विभाजन की त्रासदी को प्रत्यक्ष देखने वाले 20 बुजुर्गों को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया।

न्यूज डायरी

तिरंगा यात्रा से राष्ट्रप्रेम का दिया संदेश

रोहतक। श्री लाल नाथ हिंदू कॉलेज में हर घर तिरंगा अभियान-2026 के तहत छात्र कल्याण समिति की ओर से तिरंगा यात्रा और पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में एनएसएस, एनसीसी, युवा रेड क्रॉस, रेड रिबन क्लब, विधिक साक्षरता क्लब और महिला प्रकोष्ठ के स्वयंसेवकों ने भाग लिया।विद्यार्थियों ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारों के साथ राष्ट्रप्रेम और एकता का संदेश दिया।

पठानिया स्कूल में देशभक्ति कार्यक्रम

रोहतक। पठानिया पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न देशभक्ति कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्री-नर्सरी और नर्सरी के 130 बच्चों ने 'नेशनल पैट्रियोटिक हीरोज' थीम पर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। निर्णायक की भूमिका श्रीमती आंचल और श्रीमती सुनीता ने निभाई। इस अवसर पर स्कूल को-फाउंडर वर्षा पठानिया, मैनेजिंग डायरेक्टर अंशुल पठानिया, प्रधानाचार्या तन्वी पठानिया सहित समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

स्वतंत्रता दिवस और हरियाली तीज मनाया गया

रोहतक। जीडी गोयंका टोडलर हाउस, सन सिटी में स्वतंत्रता दिवस और हरियाली तीज महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। निर्देशक बलराज सिंह ने विद्यार्थियों को देश की समृद्ध संस्कृति से जुड़ने का संदेश दिया। सप्ताह भर चली क्विज, आर्ट और पेंटिंग प्रतियोगिताओं के बाद मुख्य समारोह में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दीं।

छोटूराम पॉलिटेक्निक कॉलेज में रैली निकाली

रोहतक। छोटूराम पॉलिटेक्निक कॉलेज में 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत एनसीसी कैडेट्स और विद्यार्थियों ने बाइक रैली व मार्च पास्ट का आयोजन किया। प्रथम हरियाणा एनसीसी बटालियन और तकनीकी शिक्षा बोर्ड हरियाणा के निर्देशानुसार आयोजित कार्यक्रम को एप्लाइड साइंस विभाग के एचओडी अशोक देशवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली कॉलेज प्राचार्य डॉ. सतेंदर पावड़िया, एनसीसी ऑफिसर कैप्टन आलोक कुमार और सांस्कृतिक कार्यक्रम कोऑर्डिनेटर मनीषा हुड्डा के नेतृत्व में निकाली गई।

न्यू विद्या भारती स्कूल में स्वतंत्रता दिवस व तीज मनाई

रोहतक। न्यू विद्या भारती पब्लिक स्कूल, धामड़ में स्वतंत्रता दिवस और हरियाली तीज उत्साह के साथ मनाई गई। प्रधानाचार्या सरला हुड्डा और निदेशक वीरेंद्र हुड्डा ने ध्वजारोहण किया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, भाषण और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। छात्राओं व महिला स्टाफ ने पारंपरिक परिधानों में मेहंदी, झूले और लोकगीतों के माध्यम से हरियाणवी संस्कृति की झलक दिखाई। प्रधानाचार्या ने विद्यार्थियों को जिम्मेदार नागरिक बनने की शिक्षा दी ।

वैश्य तकनीक संस्थान में निकाली तिरंगा यात्रा

रोहतक। वैश्य तकनीक संस्थान में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में छात्रों और स्टाफ ने तिरंगा यात्रा निकाली। प्राचार्य सतीश जैन ने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करते हुए छात्रों को कर्तव्यनिष्ठ बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की संयोजक पारूल सिंगला रहीं, जबकि आयोजन खेल सचिव मंजीत की अगुवाई में हुआ। इस दौरान शिक्षकगण और कर्मचारी मौजूद रहे।

बाबा बंदा बहादुर स्कूल में गूंजे देशभक्ति के गीत

रोहतक। बाबा बंदा बहादुर पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस और हरियाली तीज समारोह उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, समूह नृत्य, संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। रंग-बिरंगे परिधानों और पारंपरिक प्रस्तुतियों ने समारोह को आकर्षक बनाया। विद्यालय अध्यक्ष भायना ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। बाबा जितेंद्र पाल सिंह सोढ़ी ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य सलिल मेहता ने स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान को याद करते हुए विद्यार्थियों से जिम्मेदारी, अनुशासन और ईमानदारी के साथ राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों का पालन करने का आह्वान किया।

एचडी स्कूल में स्वतंत्रता दिवस व हरियाली तीज मनाई

रोहतक। एचडी पब्लिक स्कूल, बालंद में स्वतंत्रता दिवस और हरियाली तीज के अवसर पर विभिन्न रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की गईं। विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय ध्वज रंग भरो, पेपर पेस्टिंग, तिरंगा बैंड मेकिंग, थीम पेंटिंग और कोलाज निर्माण प्रतियोगिताओं में उत्साह से भाग लिया।1947 से 2026 तक के प्रधानमंत्रियों के चित्रों पर आधारित गतिविधि भी आकर्षण का केंद्र रही। विभिन्न कक्षाओं के विजेता विद्यार्थियों को चेयरमैन जयपाल सिगरोहा ने बधाई दी।

अंडर-19 इंटर डिस्ट्रिक टूर्नामेंट

रोहतक ने भिवानी को 9 विकेट से रौंदा

तन्मय ने महज 6.1 ओवरों में 14 रन देकर 5 विकेट झटके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अंडर-19 इंटर डिस्ट्रिक्ट टूर्नामेंट 2026-27 में स्थानीय टीमों और खिलाड़ियों ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन से खेल प्रेमियों का दिल जीत लिया। शुक्रवार को जिले के अलग अलग मैदानों पर चार मैच खेले गए। चौधरी बंसीलाल स्टेडियम पर खेले गए मुकाबले में रोहतक की टीम ने भिवानी के खिलाफ एकतरफा और धमाकेदार जीत दर्ज करते हुए टूर्नामेंट में अपनी मजबूत दावेदारी पेश की है। रोहतक ने इस मुकाबले को 9 विकेट के बड़े अंतर से अपने नाम किया।

तन्मय

रोहतक की घातक गेंदबाजी

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भिवानी की टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और पूरी टीम निर्धारित ओवरों से पहले ही संघर्ष करती नजर आई। भिवानी की पूरी टीम 28.1 ओवरों में महज 75 रनों पर ही सिमट गई। भिवानी की ओर से नैतिक कुमार ने सबसे ज्यादा 21 रन (48 गेंद) बनाए, जबकि सिद्धार्थ पचेरवाल ने 16 रन और तेजस ने 13 रन का योगदान दिया। रोहतक के गेंदबाजों ने शुरुआत से ही अपनी कसी हुई गेंदबाजी और आक्रामक अनुशासन का परिचय दिया, जिसके चलते भिवानी का कोई भी बल्लेबाज क्रीज पर टिक नहीं सका। रोहतक के लिए गेंदबाजी में तन्मय ने कहर बरपाते हुए महज 6.1 ओवरों में 14 रन देकर 5 महत्वपूर्ण विकेट झटके। उनका साथ देते हुए आशीष पांचाल ने 5 ओवरों में 21 रन देकर 2 विकेट चटकाए। इसके अलावा ध्रुव शर्मा जांगड़ा और प्रक्षित राठी ने भी 1-1 विकेट हासिल कर भिवानी की पारी को समेटने में अहम भूमिका निभाई।

रोहतक का आसान लक्ष्य और शानदार रन-चेज

76 रनों के छोटे से लक्ष्य का पीछा करने उतरी रोहतक की टीम ने बेहद संयम और आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की। रोहतक ने मात्र 19 ओवरों में 1 विकेट के नुकसान पर 76 रन बनाकर आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया और मुकाबला 9 विकेट से जीत लिया। रोहतक की तरफ से अंशुमान सिंह ने नाबाद रहते हुए 53 रनों (61 गेंद) की शानदार अर्धशतकीय पारी खेली और टीम को जीत की मंजिल तक पहुंचाया।

टूर्नामेंट के अन्य मुकाबलों का हाल

फतेहाबाद ने चरखी दादरी को 219 रनों से हराया: फतेहाबाद ने पहले खेलते हुए 50 ओवरों में 3 विकेट पर 377 रन बनाए, जिसमें सक्षम शर्मा ने शानदार दोहरा शतक (201 रन, 133 गेंद) जड़ा। जवाब में चरखी दादरी की टीम 158 रनों पर ढेर हो गई। **एचसीए सी ने सिरसा को 6 विकेट से हराया:** सिरसा ने 319/5 का बड़ा स्कोर बनाया, जिसे एचसीए सी ने गर्व ढींगरा (172* रन) और अर्जुन वीर सिंह (104 रन) की शतकीय पारियों के दम पर 49.1 ओवरों में हासिल कर लिया।

34 स्थानों को चिन्हित कर हथियार, वॉकी टॉकी व अन्य आधुनिक उपकरण लगाए

स्वतंत्रता दिवस पर चौकसी बढ़ाई नाकाबंदी, गश्त और चेकिंग शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

स्वतंत्रता दिवस पर जिला पुलिस द्वारा जिला में सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किए गए हैं। जिला की सुरक्षा के लिए पहले से विशेष रूप से 34 स्थानों को चिन्हित कर नाकाबंदी की गई है। इसके अलावा राजीव गांधी खेल परिसर, महम में राजकीय महाविद्यालय व सांपला में नई अनाज मंडी में होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए समारोह स्थल के चारो तरफ भी विशेष तौर पर नाकाबंदी की गई है। सभी नाकों पर हथियार, वॉकी टॉकी सैट व अन्य आधुनिक उपकरण मौजूद है। सभी नाकों पर उचित मात्रा में पुलिस बल तैनात रहेगा। नाको पर संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की गहनता से जांच की जा रही है। जिला में तैनात सभी राइडर, पीसीआर, ईआरवी निरंतर गश्त कर रही हैं। राजीव गांधी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स सेक्टर-6 मे होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम में पुलिस द्वारा सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किए गए है। एथेलेटिक्स स्टेडियम के गेट नंबर-3 केवल वीआईपी व प्रशासनिक अधिकारी के लिए आरक्षित किया गया है।

चेकिंग अभियान तेज

स्वतंत्रता दिवस को लेकर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। होटल, रेस्टोरेंट, धर्मशाला और ढाबों में ठहरने वालों का रिकॉर्ड जांचा जा रहा है। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, बाजार और मॉल सहित प्रमुख स्थानों पर विशेष जांच की जा रही है। आदतन अपराधियों पर निगरानी के साथ स्वॉट टीमें भी तैनात की गई हैं।

यहां करें शिकायत

आमजन से अपील किसी भी संदिग्ध वस्तु को न छूए और न ही किसी अन्य व्यक्ति को छूने दे। संदिग्ध वस्तु, व्यक्ति या वाहन दिखाई देने पर तुरन्त पुलिस को डायल 112, फोन नम्बर 01262-228113 पर सूचित करे। शहर की सुरक्षा को देखते हुए नाकाबन्दी व चैकिंग के दौरान जिला पुलिस का सहयोग करे।

तिरंगा हमारी राष्ट्रीय अस्मिता, एकता और गौरव का प्रतीकः पूनिया

तिरंगा यात्रा निकालते कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया व अन्य प्रोफेसर व विद्यार्थी।

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया के नेतृत्व में स्टूडेंट एक्टिविटी सेंटर से शुरू हुई यात्रा में शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, शोधार्थी और विद्यार्थी शामिल हुए। 'विजयी विश्व तिरंगा प्यारा' और 'जय जवान-जय किसान' के जयघोष से परिसर देशभक्ति के रंग में रंग गया। विश्वविद्यालय समुदाय ने देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता बनाए रखने की शपथ ली।कुलपति ने कहा कि तिरंगा राष्ट्रीय अस्मिता, एकता और गौरव का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से विभाजन के इतिहास से सीख लेकर सामाजिक सौहार्द, भाईचारे और राष्ट्रीय एकजुटता को मजबूत करने का आह्वान किया। कुलसचिव प्रो. संदीप बंसल ने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को देश के इतिहास और स्वतंत्रता संघर्ष से जोड़ते हैं।यात्रा के बाद 'विभाजन की विभीषिकाः इतिहास की पीड़ा, वर्तमान की सीख और भविष्य का संकल्प' विषय पर भाषण प्रतियोगिता हुई। इसमें मनदीप ने प्रथम, अंशिका नांदल ने द्वितीय और दिशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

खेल प्रतिभाओं को तराशने के लिए जुटे शारीरिक शिक्षक

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के खेल विभाग की ओर से सरदार वल्लभभाई क्रिकेट स्टेडियम में संबद्ध महाविद्यालयों के शारीरिक शिक्षकों और नवनियुक्त शिक्षकों की बैठक हुई। इसमें विश्वविद्यालय में खेलों को बढ़ावा देने, खिलाड़ियों को बेहतर अवसर देने और प्रतिभाओं को आगे लाने पर मंथन किया गया।खेल निदेशक कुलताज सिंह ने कहा कि खेल उपलब्धियों को बेहतर बनाने में शारीरिक शिक्षकों की भूमिका अहम है। उन्होंने जमीनी स्तर पर प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान कर उन्हें बेहतर प्रशिक्षण और मंच उपलब्ध कराने पर जोर दिया। बैठक में डॉ. मांगे राम, डॉ. अजय जून, डॉ. मस्तराम, डॉ. जयपाल आदि मौजूद रहे।

द आर्यन ग्लोबल स्कूल में हरियाली और लोक-संस्कृति की छटा

रोहतक। द आर्यन ग्लोबल स्कूल में नर्सरी से पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए तीज उत्सव आयोजित किया गया। बच्चे हरे और पीले रंग के पारंपरिक परिधानों में पहुंचे। नर्सरी से यूकेजी तक के बच्चों ने रैंप वॉक में उत्साह से भाग लिया।स्कूल परिसर में झूले, मेहंदी, नृत्य और खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। हरियाणवी गांव का सजीव दृश्य विशेष आकर्षण रहा, जिसमें झोंपड़ी, लस्सी और पारंपरिक वस्तुओं के जरिए ग्रामीण जीवन की झलक दिखाई गई। पांचवीं कक्षा की छात्राओं का दामण परिधान भी आकर्षण का केंद्र रहा। प्रधानाचार्य डॉ. आरके खन्ना ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को लोक-संस्कृति और परंपराओं से जोड़ते हैं।

विकल्प पब्लिक स्कूल में छात्र नेताओं ने ली शपथ

रोहतक। विकल्प पब्लिक स्कूल में छात्र सरकार चुनाव के बाद नवनिर्वाचित विद्यार्थी प्रतिनिधियों के लिए इन्वेस्टिचर सेरेमनी आयोजित की गई। मुख्य अतिथि स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के निदेशक सुखबीर सिंह ने छात्र नेताओं को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। सभी पदाधिकारियों को सैशे, प्रमाण-पत्र और विद्यालय का ध्वज देकर सम्मानित किया गया।हार्दिक को हेड बॉय, कनक को हेड गर्ल तथा जतिन और निशिता को स्पोर्ट्स कैप्टन चुना गया। विभिन्न हाउसों के कैप्टन और वाइस कैप्टन को भी नियुक्त किया गया। प्राचार्या किरण पाहवा और कोऑर्डिनेटर मंजू ने विद्यार्थियों को जिम्मेदारी, अनुशासन और टीम भावना के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

रक्षा विभाग में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर देशभक्ति कार्यक्रम

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के रक्षा एवं सामरिक अध्ययन विभाग में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर देशभक्ति एवं राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को स्वतंत्रता संग्राम, स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान और आजादी के महत्व से परिचित कराया गया। विभागाध्यक्ष प्रो. शालिनी सिंह ने स्वतंत्रता संग्राम के अनसुने और गुमनाम नायकों के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आजादी के संघर्ष में अनेक वीरों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिनका इतिहास में अपेक्षाकृत कम उल्लेख मिलता है। उन्होंने विद्यार्थियों से उनके जीवन और बलिदान से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। डॉ. योगेंद्र रांगी ने कहा कि स्वतंत्रता केवल विदेशी शासन से मुक्ति नहीं, बल्कि देश की संप्रभुता, गरिमा, लोकतांत्रिक मूल्यों और नागरिक जिम्मेदारियों का प्रतीक है। डॉ. प्रोमिला रांगी ने स्वतंत्रता सेनानियों के साहस, त्याग और देशभक्ति को युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बताया। कार्यक्रम में स्टोरी ऑफ हीरोज, पिक्चर क्विज, डम्ब शराड्स तथा गायन एवं संगीत प्रस्तुति जैसी गतिविधियां आयोजित की गईं।

LPS BOSSARD
Proven Productivity

सभी देशवासियों को
80वें स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएँ

आइए, एक मजबूत, हरित और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण करके अपने स्वतंत्रता सेनानियों की विरासत का सम्मान करें।

'विकसित भारत @2047 के लिए युवा शक्ति''
'वंदे मातरम् के 150 वर्ष''

हर घर तिरंगा

एक पेड़ माँ के नाम

आइए, हर घर पर तिरंगा फहराकर स्वतंत्रता और एकता की भावना का उत्सव गर्व के साथ मनाएं।

राजेश जैन
एम डी, एल पी एस बोसार्ड

WE STAND FOR LOVE & PEACE
STOP WAR

हरियाली तीज

यह हरियाली तीज आपके जीवन में खुशियां, उत्तम स्वास्थ्य, समृद्धि और असीम आनंद लेकर आए।

गीले, सूखे और प्लास्टिक कचरे के लिए अलग-अलग डस्टबिन का उपयोग करें।

LPS BOSSARD
Proven Productivity

BP Jain Skill Development Centre
(Run By : Lakshmi Foundation)

UPS LAKSHMI